आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 02.12.2025 समय : 1905

- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचार साथी ऐप लाया गया है।
- नई दिल्ली में आज ग्लोबल फोरम की अटठारहवीं बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए सूचनाओं के समय पर आदान–प्रदान में सहयोग करना होगा।
- दक्षिण अण्डमान के पहाड़गांव थाना को वर्ष 2025 का देश का दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना चुना गया है।
- अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में द्वीपसमूह की खिलाड़ी अलास्का अलीना ने कांस्य पदक हासिल किया।

<><><><><><><>

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचार साथी ऐप लाया गया है। श्री सिंधिया ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से कहा कि इस ऐप को कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने मोबाइल फोन से हटा सकता है।

<><><><><><><>

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि अर्थव्यवस्था के बढ़ते डिजिटलीकरण और नए वित्तीय उत्पादों के आने से दुनियाभर के देशों को कर प्रणाली में निष्पक्षता और जनता का विश्वास सुनिश्चित करते हुए सूचनाओं के समय पर आदान–प्रदान में सहयोग करना होगा। नई दिल्ली में आज ग्लोबल फोरम की अटठारहवीं पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कहीं।

<><><><><><><>

केन्द्र सरकार ने पीएम–किसान योजना की शुरुआत से अब तक 21 किस्तों के माध्यम से चार लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष छह हज़ार रुपये का वित्तीय

लाभ तीन समान किस्तों में हस्तांतरित किया जाता है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

<><><><><><><>

देश के बाकी हिस्सों के साथ द्वीप समूह में भी राष्ट्र के लिए शहीद हुए वीरों के सम्मान में सात दिसम्बर को सशत्र सेना झंडा दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में द्वीपों के उपराज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह दिवस हमारे सशत्र बलों के साहस और समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक अवसर है जो निःस्वार्थ भाव से हमारे राष्ट्र की रक्षा करते है। उन्नीस सौ उनचास से प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह दिवस उन वीर सैनिकों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्हों देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी है। इस दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सैनिक बोर्ड श्री विजयपुरम के माध्यम से ध्वज दिवस स्टीकर्स और प्रतिकात्मक झंडी वितरित किए जा रहे है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह की है कि इस नेक कार्य में स्वेच्छा से योगदान दें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के लिए गर्व का विषय है कि दक्षिण अण्डमान के पहाड़गांव थाना को वर्ष 2025 का देश का दूसरा सर्वश्रेष्ठ पुलिस थाना चुना गया है। इस उपलब्धि के लिए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद एलियास को यह पुरस्कार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में आयोजित डी जी पी – आई जी पी सम्मेलन 2025 के दौरान प्रदान किया गया। यह सम्मेलन 28 से 30 नवम्बर तक आयोजित किया गया। यह सम्मान पुलिसिंग और जनसेवा में सतत उत्कृष्टता की दिशा में अण्डमान एवं निकोबार पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

सुनामी की इक्कीस वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छब्बीस दिसम्बर को प्रशासन द्वारा सभी विभागों के सहयोग से अंडमान जल क्रीड़ा परिसर के सुनामी मेमोरियल में कार्यक्रम का आयोजिन किया जाएगा। जिसमें द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और प्रथम महिला मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में सुनामी में जान गवाने वालों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। द्वीपों के उपराज्यपाल और प्रथम महिला द्वारा मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। तत्पश्चयात सभी धर्मगुरूवों द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आठ से बाईस दिसम्बर तक सर्किट कोर्ट की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य और शम्पा दत्त पॉल मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

क्यारी द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए 'प्रमुख फसलों के पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज' पर तीन दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हुआ जो 4 दिसंबर तक चलेगा। कार्यकम का उद्देश्य कृ षि उत्पादकता और सतत विकास को बढ़ावा देना है। उद्घाटन सत्र में डॉ. राज नारायण और श्रीदेवी ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अगले तीन दिनों में विशेषज्ञों द्वारा धान, दलहन, फल, मसाले, फसल प्रबंधन, जल—न्यूट्रिएंट प्रबंधन तथा कीट—रोग प्रबंधन से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुल नवासी अधिकारी प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के जंगलीघाट रोड पर वाहनों की अधिक मात्रा और जाम होने के कारण लोगों को दिक्कते हो रही है तथा यात्रा के दैरान अधिक समय लगता है। इसलिए बंगाली कल्ब, गोलघर, जंगलीघर रोड पर यातायात जाम को कम करने और एक्सप्रेस बसों की सुगम यात्रा के लिए राज्य परिवहन द्वारा संचालित ए टी आर एक्सप्रेस सेवाओं का संचालन गोलघर—जंगलीघाट के बजाय वी आई पी रोड से किया जाएगा। ए टी आर एक्सप्रेस बसों से यात्रा करने वाले सभी यात्री जिन्होंने पहले ही अपनी टिकटे बुक कर ली है और जिनकों गोलघर या जंगलीघाट से बस में सवार होना है, वे श्री वियजपुरम बस टर्मिनल या डेरी फॉर्म जंक्शन से बसों में सवार हो सकते हैं।

<><><><><><>

बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैठक में बी इल्गो को अध्यक्ष, वी डी शिवाबालन को उपाध्यक्ष, के एम बी जयपाल को महासचिव, पुरोहित मोहन लाल को संयुक्त सचिव और प्रोदीप कुमार बाला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह चौबीस नवम्बर से प्रभावी है।

<><><><><><>

थ्रिसूर में 1 से 6 दिसंबर तक आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में द्वीपसमूह की महिला टीम हिस्सा ले रही है। चार सदस्यीय आइलैंड वुमेन्स टीम अपने कोच एस. चिदंबरराजन के साथ विभिन्न भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा कर रही है। आज 48 किलोग्राम भार वर्ग में खिलाड़ी अलास्का अलीना

ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। यह उपलब्धि वेटलिफ्टिंग में द्वीप समूह की किसी भी खिलाड़ी द्वारा जीता गया पहला पदक है, जो इन द्वीपों के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सफलता पर अंडमान निकोबार वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं कोच ने खिलाड़ी और टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है।

**<><><><><><><>**